भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1334**

03 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

**विषय : प्रधान मंत्री किसान मानधन योजना (पी.एम.के.एम.वाई.) के अंतर्गत किसानों की सामाजिक सुरक्षा**

**#1334. श्रीमती हेमा मालिनी:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में लघु और सीमान्त किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री किसान मानधन योजना (पी.एम.के.एम.वाई.) कार्यान्वित की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में लाभान्वित किसानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त स्कीम/योजना में संशोधन के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)**

**(क) और (ख)**: "प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (पीएम-केएमवाई)" एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो 18 से 40 वर्ष की प्रवेश आयु वर्ग के किसानों के लिए स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है। इसमें, 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद, कुछ अपवर्जन मानदंडों के साथ रुपए 3000/- की न्यूनतम मासिक सुनिश्चित पेंशन का प्रावधान है। इस योजना का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों के लिए उनकी वृद्धावस्था के दौरान एक सामाजिक सुरक्षा तंत्र बनाना है। इस योजना में अंशदान की राशि, किसानों की इस योजना में शामिल होने के समय आयु के आधार पर 55 रुपये से लेकर 200 रुपये प्रति माह के बीच है। भारत सरकार भी किसानों के पेंशन खाते में समान अंशदान देती है।

पीएम-केएमवाई योजना के तहत उत्तर प्रदेश में पंजीकृत किसानों का मथुरा सहित जिला-वार विवरण अनुबंध-1 में संलग्न है।

**(ग):** वर्तमान में, इस योजना में संशोधन हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**लो.स.अ.ता.प्र.सं. अनुबंध**

**उत्तर प्रदेश में पी.एम.के.एम.वाई. के तहत पंजीकृत किसानों का जिला-वार विवरण**

| क्र. सं. | जिला | पंजीकृत किसान |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | 5,051 |
| 2 | अलीगढ़ | 9,691 |
| 3 | अंबेडकर नगर | 624 |
| 4 | अमेठी | 1,925 |
| 5 | अमरोहा | 1,152 |
| 6 | औरैया | 1,321 |
| 7 | अयोध्या | 2,355 |
| 8 | आजमगढ़ | 1,982 |
| 9 | बागपत | 741 |
| 10 | बहराइच | 2,517 |
| 11 | बलिया | 1,768 |
| 12 | बलरामपुर | 3,034 |
| १३ | बाँदा | 2,474 |
| 14 | बाराबंकी | 2,441 |
| 15 | बरेली | 2,410 |
| 16 | बस्ती | 1,154 |
| 17 | भदोही | 3,142 |
| 18 | बिजनौर | 4,380 |
| 19 | बदायूँ | 533 |
| 20 | बुलंदशहर | 6,193 |
| 21 | चंदौली | 1,419 |
| 22 | चित्रकूट | 2,253 |
| 23 | देवरिया | 851 |
| 24 | एटा | 3,631 |
| 25 | इटावा | 1,941 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 2,849 |
| 27 | फतेहपुर | 1,771 |
| 28 | फिरोजाबाद | 1,285 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 419 |
| 30 | गाजियाबाद | 520 |
| 31 | गाजीपुर | 3,684 |
| 32 | गोंडा | 2,827 |
| 33 | गोरखपुर | 2,391 |
| 34 | हमीरपुर | 3,309 |
| 35 | हापुड़ | 1,361 |
| 36 | हरदोई | 12,023 |

| | | |
|---|---|---|
| 37 | हाथरस | 9,940 |
| 38 | जालौन | 1,221 |
| 39 | जौनपुर | 2,408 |
| 40 | झांसी | 10,375 |
| 41 | कन्नौज | 5,230 |
| 42 | कानपुर देहात | 4,816 |
| 43 | कानपुर नगर | 2,779 |
| 44 | कासगंज | 16,405 |
| 45 | कौशाम्बी | 1,573 |
| 46 | खेरी | 2,776 |
| 47 | कुशीनगर | 2,810 |
| 48 | ललितपुर | 6,443 |
| 49 | लखनऊ | 3,011 |
| 50 | महाराजगंज | 1,914 |
| 51 | महोबा | 2,912 |
| 52 | मैनपुरी | 4,908 |
| 53 | मथुरा | 983 |
| 54 | मऊ | 1,361 |
| 55 | मेरठ | 2,261 |
| 56 | मिर्जापुर | 1,782 |
| 57 | मुरादाबाद | 2,806 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 2,092 |
| 59 | पीलीभीत | 1,643 |
| 6 0 | प्रतापगढ़ | 2,708 |
| 61 | प्रयागराज | 10,353 |
| 62 | रायबरेली | 1,231 |
| 63 | रामपुर | 557 |
| 64 | सहारनपुर | 1,893 |
| 65 | संभल | 1,756 |
| 66 | संत कबीर नगर | 2,833 |
| 67 | शाहजहांपुर | 1,370 |
| 68 | शामली | 1,188 |
| 69 | श्रावस्ती | 1,939 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 4,844 |
| 71 | सीतापुर | 18,708 |
| 72 | सोनभद्र | 1,696 |
| 73 | सुल्तानपुर | 1,785 |
| 74 | उन्नाव | 6,123 |
| 75 | वाराणसी | 3,125 |
| | **कुल** | **2,51,980** |

*****